प्रेस विज्ञप्ति
चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

चिरेका ने वित्त वर्ष 2023–24 में किया 580 रेलइंजनों का उत्पादन

चित्तरंजन,01.04.2024;रेलवे बोर्ड द्वारा चिरेका को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 540 रेल इंजन उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। जिस लक्ष्य को काफी पीछे छोड़ते हुए चिरेका द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के अंत (31 मार्च 2024) तक,कुल 580 लोकोमोटिव का उत्पादन किया है। यह चिरेका के इतिहास में किसी भी वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक लोकोमोटिव उत्पादन आंकड़ा है।

जानकारी हो कि इससे पूर्व चिरेका ने 549 रेल इंजनों का उत्पादन कर निर्धारित समय से एक माह पूर्व ही 29 फरवरी 2024 को यह लक्ष्य हासिल कर लिया था।

महाप्रबंधक ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए टीम चिरेका को बधाई दी है। चिरेका निरंतर तरक्की के पथ पर अग्रसर है।